University in News on 18 December 2024

AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

छात्राओं से छेड़छाड़ व मारपीट के आरोपी चार छात्र निलंबित

संवाद न्यूज एजेंसी

तीन दिनों में मांगा गया लिखित स्पष्टीकरण

लविवि के नवीन परिसर में सात दिसंबर को आरोपित छात्रों ने शराब के नशे में मचाया था उत्पात

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के न्यू कैंपस में छात्राओं के साथ मारपीट और छेड़छाड़ की घटना को अंजाम देने वाले चार आरोपी छात्रों को निलंबित कर दिया गया है। इन सभी का छात्रावास आवंटन निरस्त करते हुए इनसे समस्त छात्रोचित सुविधाएं छीन ली गई हैं। इसके साथ ही इनका विवि के दोनों परिसरों में आना भी प्रतिबंधित कर दिया गया है।

लविवि के मुख्य परिसर के चीफ प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी ने मंगलवार को इन छात्रों के निलंबन का आदेश जारी कर जानकारी दी। मालूम हो कि जानकीपुरम स्थित न्यू कैंपस में सात दिसंबर को देर शाम नशे में धुत छात्रों ने लावण्या छात्रावास में रहने वाली बीटेक की छात्राओं के साथ मारपीट की थी।

इस पर एक छात्र ने बीच-बचाव किया तो उसकी भी पिटाई कर दी गई थी। जब तक घटना विश्वविद्यालय प्रशासन को पता चलती आरोपी छात्र विश्वविद्यालय से भाग निकले थे। पीड़ित छात्राओं ने कुलानुशासक से लिखित शिकायत की थी जिसमें रैगिंग करने का जिक्र भी किया गया था। इस मामले में प्रॉक्टोरियल बोर्ड ने कार्रवाई करते हुए सभी आरोपी छात्रों को निलंबित कर दिया है। कुलानुशासक कार्यालय की ओर से जारी पत्र में आरोपी छात्रों को लिखित या स्वयं उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने को कहा गया है। ऐसा न करने पर माना जाएगा कि उन्हें अपने बचाव में कुछ नहीं कहना है।

इन छात्रों का किया गया निलंबन

- जिन छात्रों पर निलंबन की कार्रवाई की गई है उसमें से तीन छात्र अमन यादव, प्रशांत यादव व किशन सिंह बीफार्मा कोर्स के विद्यार्थी हैं। वहीं एक अन्य छात्र अमरेंद्र सिंह एलएलबी पांच वर्षीय कोर्स का विद्यार्थी है।

सशक्त महिलाओं की दिखाई डॉक्यूमेंट्री

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में पाश्चात्य इतिहास विभाग व महिला अध्ययन संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में मिशन शक्ति पांचवें चरण के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें इतिहास में संघर्ष करने वाली महिलाओं पर डाक्यूमेंट्री दिखाकर छात्राओं को प्रोत्साहित किया गया। मिशन शक्ति की नोडल अधिकारी मानिनी श्रीवास्तव ने कार्यक्रम के उद्देश्यों से परिचय करवाया। संचालन डॉ. अंशू चौधरी ने किया। प्रो. अमिता सोनकर, प्रो. मधु राजपूत, प्रो. अर्चना तिवारी, उमेश कुमार, अमित गुप्ता आदि शिक्षक उपस्थित रहे। (संवाद)

शोध व्याख्यान शोधार्थियों के लिए वरदान

पूर्व छात्र व्याख्यान

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग में मंगलवार को पूर्व छात्र व्याख्यान की शृंखला में 18वां व्याख्यान हुआ। मुख्य वक्ता सीएसआईआर-एएमपीआरआई भोपाल के कार्यवाहक निदेशक रहे डॉ. नवीन चंद्रा ने कहा कि इस तरह के पूर्व छात्रों के व्याख्यान रसायन विज्ञान विभाग के लिए एक वरदान हैं।

यह शोध विद्वानों और संकाय सदस्यों को रसायन विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों की समझ में नई अंतर्दिष्टि प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि यह व्याख्यान नैनो आकार के पाउडर को संश्लेषित करने के लिए रासायनिक विधियों की गहन समझ प्रदान करेगा, जिसमें प्रत्येक तकनीक के सिद्धांतों, प्रक्रियाओं, लाभों, सीमाओं और अनुप्रयोगों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। डॉ. प्रियंका पांडे ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल मिश्रा व अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। (संवाद)

विषम सेमेस्टर परीक्षाओं का आगाज

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में मंगलवार से विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं शुरुआत हुई। सुबह 8:30 बजे शुरू हुई परीक्षाओं में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उपस्थिति दर्ज कराई। पहले दिन तीसरे और पांचवें सेमेस्टर के विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा विभाग की ओर जारी सूचना के मुताबिक दोनों पालियों में 13820 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं, विभिन्न कारणों से 75 छात्र-छात्राएं परीक्षा से अनुपस्थित रहे। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने न्यू कॉमर्स ब्लॉक जाकर परीक्षाओं का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षार्थियों से बातचीत कर प्रश्नपत्र के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र प्रभारी और कक्ष निरीक्षकों आवश्यक निर्देश दिए। (संवाद)

HINDUSTAN PAGE 6

एलयू: छात्राओं से रैगिंग के आरोपी छात्र निलम्बित, हॉस्टल आवंटन रद्द

तीन छात्राओं के साथ परिसर में अभद्रता, रैगिंग और मारपीट का मामला सामने आया था

सख्त कार्रवाई

- बीच-बचाव करने पहुंचे एक छात्र को मारने का भी आरोप लगा है लिखित छात्रों पर
- तीन दिनों में लिखित जवाब मांगा गया आरोपी छात्रों से

03 बीफार्मा के और एक आरोपी छात्र विधि का निलम्बित

03 तीन बीटेक की छात्राओं के साथ की थी अभद्रता

07 दिसंबर 2024 को सामने आई थी घटना

05 सदस्यों की जांच समिति बनाई थी विवि प्रशासन ने

इन छात्रों पर निलम्बन की कार्रवाई की गई

- अमन कुमार यादव (बीफार्मा), बिवलामऊ , महिमापुर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, जौनपुर
- प्रशांत कुमार यादव (बीफार्मा) ग्राम व पोस्ट कचार, गाजीपुर
- किशन सिंह(बीफार्मा), बनिया बांध बबुरानी रसड़ा, बलिया
- अमरेन्द्र (एलएलबी पांच वर्षीय) मियांपुरा सुभाष नगर, गाजीपुर

समिति की रिपोर्ट पर कार्रवाई

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय के न्यू कैम्पस में छात्राओं के साथ मारपीट, अभद्रता और रैगिंग के आरोपी चारों छात्रों के खिलाफ प्रारंभिक जांच के बाद सख्त कार्रवाई की है। आरोपी छात्रों को जांच पूरी होने तक निलंबित कर दिया है तथा आवास आवंटन निरस्त कर दिया है। आरोपियों में तीन फार्मेसी के तथा एक विधि का छात्र है।

सात दिसम्बर को देर शाम लावण्या छात्रावास की तीन छात्राओं के साथ अभद्रता, रैगिंग और मारपीट का मामला सामना आया था। विश्वविद्यालय प्रशासन ने पांच सदस्यीय जांच कमेटी गठित कर दी थी। कमेटी की रिपोर्ट के बाद कुलानुशासक ने आरोपी बीफार्मा छात्र अमन कुमार यादव, प्रशांत कुमार यादव, किशन सिंह एवं एलएलबी छात्र अमरेन्द्र सिंह को निलम्बित किए जाने और हॉस्टल आवंटन निरस्त किए जाने के आदेश जारी कर दिए हैं। छात्रों को नोटिस जारी कर तीन दिन में लिखित जवाब देने का समय दिया गया है।

मालूम हो कि बीती सात दिसम्बर को चार छात्रों ने बीटेक छात्राओं के साथ अभद्रता और गालीगलौज की थी। विरोध करने पर आरोपी छात्र मारपीट करने लगे। छात्राओं को बचाने के लिए एक छात्र ने बीच बचाव किया तो आरोपी छात्रों ने उसे भी पीटा। मारपीट में उसके सिर में चोटे आई थी। सूचना मिलने पर प्रॉक्टोरियल बोर्ड की टीम मौके पर पहुंची। तब तक आरोपी छात्र भाग निकले। छात्राओं ने रैगिंग का आरोप लगाते हुए अतिरिक्त कुलानुशासक से लिखित शिकायत की भी इस मामले में की थी। यह भी आरोप लगाया गया कि छात्र नशे में थे।

छात्राओं की ओर से की गई शिकायत में बताया गया था कि सात दिसम्बर को शाम करीब साढ़े सात बजे लावण्या छात्रावास में रहने वाली बीटेक की तीन छात्राएं अंबेडकर हॉस्टल के सामने से जा रही थीं। इसी बीच स्कूटी सवार फार्मेसी और विधि के चार छात्र पहुंचे और छात्राओं को रोक लिया। आरोप है कि चारो छात्रों ने छात्राओं की रैगिंग के साथ अभद्रता शुरू कर दी। गाली गलौज के बीच छात्रों ने छात्राओं से मारपीट की। बीच बचाव करने पहुंचे एक छात्र की पिटाई कर दी।

समिति गठित की थी। वहीं अतिरिक्त कुलानुशासक ने आरोपित छात्रों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई करने की सिफारिश की थी। बता दें कि तीन दिनों में लिखित जवाब मांगा गया है आरोपी छात्रों से।

लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्राओं के साथ अभद्रता और मारपीट के मामले में कार्रवाई पांच सदस्यीय गठित टीम की रिपोर्ट के बाद की गई। पूरे मामले में प्रकरण की जांच के लिए कुलानुशासक ने पांच सदस्यीय जांच

एलयू में दिखाया गया महिलाओं का संघर्ष

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के पाश्चात्य इतिहास विभाग एवं महिला अध्ययन संस्थान की ओर से मिशन शक्ति चरण-5 के अन्तर्गत कार्यक्रम का आयोजन एलयू के डीपीए सभागार में किया गया। कार्यक्रम में ऐतिहासिक संघर्षशील महिला व्यक्तित्वों के कृतित्व को वृत्तचित्र के माध्यम से दर्शाया गया। चित्रों के माध्यम से दिए गए प्रस्तुतिकरण को स्वर विभाग के विद्यार्थियों ने दिए।

साइबर निगरानी के बीच विषम सेमेस्टर परीक्षा शुरू

मिशन एग्जाम

- बीए, बीएससी और बीकॉम तीसरे और पांचवें सेमेस्टर की परीक्षा हुई

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता । लखनऊ विश्वविद्यालय की विषम सेमेस्टर की परीक्षा साइबर निगरानी के साथ मंगलवार से शुरू हुई। पहले दिन कन्ट्रोल रूम से परीक्षा की निगरानी के साथ ही कुलपति समेत प्रॉक्टोरियल बोर्ड के सदस्यों ने भी परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया।

विषम सेमेस्टर के अन्तर्गत मंगलवार से तीसरे और पांचवे सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरूहुई। परीक्षा के लिए 282 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। तीसरे और पांचवे सेमेस्टर की परीक्षा दो पालियों में हुई। वहीं स्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा तीन पालियों में होंगी। जो कि 24 दिसम्बर से शुरू हो रही हैं। परीक्षा नियंत्रक विद्यानन्द त्रिपाठी ने बताया कि पहले दिन पहली पाली में 11200 और दूसरी पाली में 2620 छात्र-छात्राओं समेत कुल 13820 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए। वहीं दोनो पालियों में 75 विद्यार्थियों ने परीक्षा छोड़ी।

उन्होंने बताया कि सभी परीक्षा केन्द्रों की निगरानी कन्ट्रोल रूम से की गई। वहीं कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने न्यू कामर्स परीक्षा केन्द्र में निरीक्षण किया। जानकारी के अनुसार बता दें कि पहले दिन बीए, बीएससी, बीकॉम के तीसरे और पांचवे सेमेस्टर की परीक्षा सम्पन्न हुई।

282 केंद्र बनाए गए

आंकड़ों में परीक्षा और परीक्षार्थी	
कुल विद्यार्थी	13820
पहली पाली	11200
दूसरी पाली	2620
परीक्षा छोड़ी	75

भाषा विवि: दूसरे दिन 1916 ने दी परीक्षा

भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के सत्र 2024-25 के विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं जारी हैं। विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के केन्द्र अध्यक्ष प्रो. एहतेशाम अहमद ने बताया कि दूसरे दिन दोनों पालियों में कुल 1916 विद्यार्थियों ने परीक्षाओं में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। वहीं 34 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दूसरे दिन निरीक्षण के दौरान कुलसचिव डॉ. महेश कुमार ने केन्द्र का निरीक्षण कर दुरुस्त व्यवस्थाओं के साथ परीक्षा के सफल संचालन के लिए निर्देश दिए। इसके साथ ही प्रथम पाली में डॉ नीरज शुक्ला, डॉ अताउर रहमान आदि ने उड़ाका दल के रूप में निरीक्षण किया।

i-NEXT PAGE 4

एलयू ने जारी की परीक्षा केंद्रों की सूची

33 केंद्रों पर एलएलबी, 18 पर होंगी बीएससी, एमएससी कृषि विषम सेमेस्टर परीक्षाएं



LUCKNOW (17 Dec) : लखनऊ विश्वविद्यालय में एलएल.बी., बी.एससी. और एम.एससी. कृषि पाठ्यक्रम की विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए केंद्रों की सूची जारी कर दी है. एलएल.बी. तीन वर्षीय और एलएल. बी. इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रम की विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए लखनऊ, सीतापुर, रायबरेली, हरदोई और लखीमपुर खीरी मिलकर 33 डिग्री कालेजों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है. इनकी मानिटरिंग के लिए 12 नोडल केंद्र भी तय किए गए हैं. वहीं, बी.एससी और एमएससी कृषि की विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए 18 केंद्र और 11 नोडल केंद्र सूची में शामिल हैं. संबंधित कोर्सों के छात्राएं अपना परीक्षा केंद्र लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देख सकते हैं.

बीबीए की प्रथम सेमेस्टर परीक्षाएं 27 दिसंबर से

लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीबीए प्रथम सेमेस्टर न्यू एनइपी (रेगुलर) पाठ्यक्रम का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है. ये परीक्षाएं 27 दिसंबर से शुरू होकर 15 जनवरी तक संचालित की जाएंगी. परीक्षा का समय सुबह 11:30 से दोपहर 1:30 बजे तक रहेगा. छात्राएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in से डाउनलोड कर सकते हैं.

JAGRAN CITY PAGE III

'युवा कुरीतियों को छोड़ें और रोल माडल को अपनाकर आगे बढ़ें'

मिशन शक्ति की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करतीं प्रोफेसर अमिता सोनकर

जागरण संवाददाता • लखनऊ : मिशन शक्ति की नोडल अधिकारी डा. मानिनी श्रीवास्तव ने कहा है कि मिशन शक्ति का सरोकार सिर्फ बेटियों से ही संबंधित नहीं है, बल्कि बेटों के लिए भी जरूरी है। बेटियों को जानना चाहिए उनके मानसिक स्वास्थ्य के लिए क्या जरूरी है, उनकी सुरक्षा से संबंधित कौन-कौन से कानून हैं? साइबर सिक्योरिटी समय की मांग है जल्द इस विषय पर अलग से आयोजन करके लोगों को जागरूक करेंगे। अनुरोध किया कि युवा कुरीतियों को छोड़ें और रोल माडल के गुणों को अपनाकर आगे बढ़ते रहें।

सोमवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के पाश्चात्य इतिहास विभाग व महिला अध्ययन संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में नारी शक्ति, सुरक्षा व सम्मान के मिशन शक्ति चरण-5 का आयोजन हुआ। इस दौरान प्रो. मधु राजपूत ने कहा कि सभी को बेटियों के स्वावलंबन के लिए कार्य करना चाहिए, उनके स्वावलंबी बनते ही किसी शक्ति की जरूरत नहीं पड़ेगी। महिलाओं को ऊंचा दर्जा इतिहास में मिला है, मौजूदा दौर में उनकी सुरक्षा कैसे हो इस पर विचार करें। आयोजन में विभिन्न ऐतिहासिक संघर्षशील महिला व्यक्तित्वों के कृतित्व को वृत्तचित्र के माध्यम से दर्शाया गया। चित्रों के माध्यम से दिए गए प्रस्तुतिकरण को स्वर विभाग के विद्यार्थियों ने दिए। संचालन डा. अंशु चौधरी व धन्यवाद डा. कुमकुम धर ने टीएन धर के जीवन-वृत्त पर प्रकाश डाला। साथ ही संस्था का परिचय दिया। समाजशास्त्र विभाग के प्रो. डीआर विकास, विदुषी, समृद्धि, इरम, मनीष, उपासना, आयशा व वैभव ने विस्तृत जानकारी दी। विभागाध्यक्ष प्रो. अमिता सोनकर ने सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए। संचालन डा. अंशु चौधरी व प्रोफेसर अर्चना तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। शिक्षिका डा. शालिनी पाठक, शोधार्थी उमेश कुमार व विभाग के सहयोगी अमित गुप्ता आयोजन में योगदान दिया।

पर्यावरण बिना जीवन संभव नहीं, पौधे लगाएं और जल बचाएं : प्रो. ध्रुव

व्याख्यान में अतिथि का अभिवादन करतीं कथक नृत्यांगना डा. कुमकुम धर • संस्था

जासं • लखनऊ : पर्यावरण के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। इसलिए पर्यावरण संरक्षित करें। इसके लिए पौधे लगाएं, जल भी बचाएं। लखनऊ विश्वविद्यालय के भूगर्भ शास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो. ध्रुव सेन ने पर्यावरण को बचाने के लिए प्रेरित किया।

सोसायटी फार हिमालयन एनवायरनमेंटल रिहैबिटेशन एंड पीपुल्स एक्शन और लखनऊ विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में भू-विज्ञान विभाग में आयोजित तृतीय टीएन धर मेमोरियल व्याख्यान आयोजित किया गया। संस्था की सचिव वरिष्ठ कथक नृत्यांगना डा. कुमकुम धर ने टीएन धर के जीवन-वृत्त पर प्रकाश डाला। साथ ही संस्था का परिचय दिया। समाजशास्त्र विभाग के प्रो. डीआर साहू ने स्वागत भाषण दिया। संस्था के अध्यक्ष जी. पटनायक की अध्यक्षता में आयोजित व्याख्यान में प्रो. एसके चौधरी ने आभार प्रकट किया।

पहले दिन 99.46 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

33 केंद्रों पर एलएलबी, 18 पर बीएससी, एमएससी कृषि विषम सेमेस्टर परीक्षाएं

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में मंगलवार से स्नातक विषम सेमेस्टर परीक्षाओं की शुरुआत हुई। पहले दिन 99.46 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए। सिर्फ 75 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। इस दौरान कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने विश्वविद्यालय परिसर स्थित न्यू कमर्स ब्लाक के परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार पहली पाली की परीक्षा में 11,200 और दूसरी पाली में 2,620 छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

बीएजेएमसी और बीकाम आनर्स का परीक्षा कार्यक्रम जारी : लखनऊ विश्वविद्यालय ने मंगलवार को बीएजेएमसी और बीकाम आनर्स की विषम सेमेस्टर परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया। बीएजेएमसी तीसरे सेमेस्टर (एनईपी) की परीक्षाएं 27 दिसंबर से 13 जनवरी तक और पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाएं 26 दिसंबर से नौ जनवरी तक होंगी। बीकाम आनर्स पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं तीन से 16 जनवरी तक, इसके तीसरे और पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाएं चार से 17 जनवरी तक होंगी। परीक्षा कार्यक्रम लविवि की वेबसाइट पर अपलोड है।

जासं • लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय में एलएल.बी., बी.एससी. और एम.एससी. कृषि पाठ्यक्रम की विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए केंद्रों की सूची जारी कर दी है। एलएल.बी. तीन वर्षीय और एलएल.बी. इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रम की विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए लखनऊ, सीतापुर, रायबरेली, हरदोई और लखीमपुर खीरी मिलकर 33 डिग्री कालेजों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इनकी मानिटरिंग के लिए 12 नोडल केंद्र भी तय किए गए हैं। वहीं, बी.एससी और एमएससी कृषि की विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए 18 केंद्र और 11 नोडल केंद्र सूची में शामिल हैं। संबंधित कोर्सों के छात्राएं अपना परीक्षा केंद्र लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

बीबीए की प्रथम सेमेस्टर परीक्षाएं 27 दिसंबर से : लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीबीए प्रथम सेमेस्टर न्यू एनइपी (रेगुलर) पाठ्यक्रम का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। ये परीक्षाएं 27 दिसंबर से शुरू होकर 15 जनवरी तक संचालित की जाएंगी। परीक्षा का समय सुबह 11:30 से दोपहर 1:30 बजे तक रहेगा। छात्राएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in से डाउनलोड कर सकते हैं।

नए कोर्स और विषयों की एनओसी के लिए आवेदन का प्रिंटआउट जमा करना अनिवार्य : लखनऊ विश्वविद्यालय से नए कोर्स और विषयों की संबद्धता की एनओसी के लिए जिन कालेजों ने 16 दिसंबर तक आनलाइन आवेदन किया है, उन्हें आवेदन का प्रिंटआउट सभी अभिलेखों संग प्रस्ताव जमा करना अनिवार्य होगा। इसके लिए 18 दिसंबर तक का समय दिया गया है। कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी ने पत्र जारी कर दिया है। कहा गया है कि बिना प्रिंटआउट जमा किए एनओसी के लिए आगे की कार्यवाही किया जाना संभव नहीं होगा।

विद्यार्थियों ने जानी नैनो कण आकार के अकार्बनिक पाउडर तैयार करने की विधि: लविवि के रसायन विज्ञान विभाग ने

नाम और जन्मतिथि गलत हो तो 20 तक कर सकेंगे सही

डा. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग के अंतर्गत बी.काम और एम.काम पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों को अपनी जन्मतिथि नाम और अन्य कोई त्रुटि में सुधार का एक मौका दिया है। जिन अभ्यर्थियों का समर्थ पोर्टल पर जन्म तिथि, नाम आदि कोई त्रुटि है तो वह 20 दिसंबर तक एकेडमिक ब्लाक -एक के तीसरे तल पर स्थित कमरा नंबर 307 में पत्र के माध्यम से सूचना उपलब्ध करा सकते हैं। विभाग के अध्यक्ष डा. संजीव गुप्ता की ओर से संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं।

मंगलवार को पूर्व छात्र व्याख्यान का आयोजन किया गया। सीएसआइआर एडवांस्ड मैटीरियल एंड प्रोसेसिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट, भोपाल के सेवानिवृत्त निदेशक एवं विश्वविद्यालय में 1971 के पूर्व छात्र डा. नवीन चंद्रा ने व्याख्यान में विद्यार्थियों को नैनो आकार के अकार्बनिक पाउडर की तैयारी के लिए उपयोग को जाने वाली विभिन्न रासायनिक विधियों के बारे में बताया।

AMRIT VICHAR PAGE 4

लविवि के चार और छात्रों के परिसर में प्रवेश पर लगी रोक

छात्राओं के साथ अभद्रता करने पर की गई कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में छात्राओं के साथ अभद्रता करने वाले चार छात्रों को विश्वविद्यालय परिसर में प्रवेश करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके अलावा उनके छात्रावास कक्ष आवंटन को निरस्त करते हुए समस्त सुविधाएं भी रोक दी गई हैं।

उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर स्थित लावण्या छात्रावास की छात्राओं के साथ मारपीट की शिकायत की गई थी। जौनपुर के अमन यादव, गाजीपुर के प्रशांत यादव, बलिया के किशन सिंह बीफार्मा के छात्र हैं। इसके अलावा विधि के छात्र अमरेंद्र प्रताप सिंह गाजीपुर का है। इन सभी को विश्वविद्यालय में प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। एक दिन पूर्व देवरिया निवासी बीबीए के छात्र अंकित गोंड के परिसर में प्रवेश पर रोक लगाई गई थी। उस पर भी गालीगलौज करने और साथियों के साथ हमला करने का आरोप है। छात्र के खिलाफ जानकीपुरम थाने में मामला भी दर्ज किया गया है।

लविवि की विषम सेमेस्टर परीक्षा में 75 छात्र रहे अनुपस्थित

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय स्नातक विषम सेमेस्टर विभिन्न विषयों की परीक्षाएं आरंभ हो गई हैं। मंगलवार को हुई परीक्षा में कुल 13,820 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया, जबकि 75 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा में 6268 छात्र और 7552 छात्राओं ने हिस्सा लिया। 45 छात्र और 30 छात्राएं अनुपस्थित रहीं। कुलपति डॉ. आलोक कुमार राय ने परीक्षा कक्षों का निरीक्षण किया।

भाषा विश्वविद्यालय की परीक्षा में 1916 छात्र हुए शामिल

अमृत विचार, लखनऊ : ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के सत्र 2024-25 के विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं प्रारंभ हो गई हैं। विश्वविद्यालय में विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं 16 दिसम्बर से प्रारंभ हो गई थी। केन्द्र अध्यक्ष प्रो. एहतेशाम अहमद ने बताया कि दूसरे दिन दोनों पालियों में कुल 1916 विद्यार्थियों ने परीक्षाओं में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। 34 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दूसरे दिन निरीक्षण के दौरान कुलसचिव डॉ. महेश कुमार ने केन्द्र का निरीक्षण कर परीक्षा के सफल संचालन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

तकनीक के सिद्धांतों व प्रक्रियाओं पर हुई चर्चा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ विश्वविद्यालय में कार्यशाला आयोजित

अमृत विचार: नैनो आकार के पाउडर को संश्लेषित करने के लिए प्रक्रिया की समझ को लेकर रसायन विज्ञान विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें तकनीक के सिद्धांतों, प्रक्रियाओं, लाभों, सीमाओं और अनुप्रयोगों पर चर्चा हुई। विभाग के 1971 बैच के पूर्व छात्र और भोपाल स्थित सीएसआईआर-एएमपीआरआई के कार्यवाहक निदेशक डॉ. नवीन चंद्रा ने विस्तार से इस विषय पर बताया। वह मध्य प्रदेश विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद के पूर्व महानिदेशक भी रह चुके हैं।

डॉ. चंद्रा ने नैनो आकार के अकार्बनिक पाउडर की तैयारी के लिए उपयोग की जाने वाली विभिन्न रासायनिक विधियों का वर्णन किया। इसके बाद विभिन्न धातु ऑक्साइड, धातु कार्बाइड आदि पर और सीडीएस की तैयारी नियंत्रित अवक्षेपण जलीय सोल-जेल आदि पर दहन विधियों का उपयोग करके किया गया।

रसायन विज्ञान विभाग के प्रमुख प्रो. अनिल मिश्रा ने कहा कि यह शोध विद्वानों और संकाय सदस्यों को रसायन विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों की समझ में नई अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं। नैनो आकार के पाउडर को संश्लेषित करने के लिए रासायनिक विधियों की गहन समझ प्रदान करेगा। कार्यक्रम में डॉ. विनोद, डॉ. आभा बिश्नोई, डॉ. प्रियंका पांडे सहित सभी संकाय सदस्य व शोधार्थी उपस्थित थे।

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

एलयू और भाषा विवि में स्नातक की सेमेस्टर परीक्षाएं जारी

एलयू में 13820 छात्र-छात्राओं ने दी परीक्षा

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में मंगलवार से स्नातक और परास्नातक समेत अन्य कक्षाओं की सेमेस्टर परीक्षाएं प्रारंभ हो गईं। सेमेस्टर परीक्षाओं के पहले दिन कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने लविवि के न्यू कॉमर्स परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही परीक्षा केन्द्र पर तैनात शिक्षकों को नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने की सख्त हिदायत दी। लविवि में पहले दिन दोनों पालियों में कुल 13820 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। लविवि में बीए एनईपी की तीसरे सेमेस्टर की फ्रंच, कार्यात्मक, संस्कृत और उर्दू की परीक्षा हुई। वहीं, बीए सेमेस्टर पांच की फ्रंच, कार्यात्मक, संस्कृत और उर्दू की परीक्षा आयोजित की गई। इसी प्रकार बीएससी और बीए तीसरे सेमेस्टर की भूगर्भ शास्त्र की परीक्षा तथा बीएससी और बीए के पांचवें सेमेस्टर की भूगर्भ शास्त्र की परीक्षा हुई। इसके अलावा बीकॉम एनईपी की सेमेस्टर तीन और पांच की परीक्षाएं सम्पन्न हुई। इसी क्रम में ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के सत्र 2024-25 के विषम सेमेस्टर परीक्षा के दूसरे दिन केन्द्र अध्यक्ष प्रो.एहतेशाम अहमद ने बताया कि दोनों पालियों में कुल 1916 विद्यार्थियों ने परीक्षाओं में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, तो वहीं 34 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि प्रथम पाली में बीए और बीएससी के प्रथम सेमेस्टर की अरबी, गणित जूलॉजी की परीक्षा सम्पन्न हुई। इस मौके पर कुलसचिव डॉ.महेश कुमार ने केन्द्र का निरीक्षण कर दुरूस्त व्यवस्थाओं के साथ परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए आवश्यक दिशानिर्देश दिए। परीक्षा के सुचारू रूप से क्रियान्वयन के लिए प्रथम पाली में डॉ.नीरज शुक्ला, डॉ.अताउर रहमान आज़मी, डॉ.नलिनी मिश्रा,डॉ.मनीष कुमार एवं डॉ.श्वेता अग्रवाल उड़ाका दल के रूप में परीक्षा की सुचिता और पवित्रता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

LOKSATYA PAGE 2

संघर्षशील महिला व्यक्तित्वों को वृत्तचित्र के माध्यम से दर्शाया

कार्यक्रम

- मिशन शक्ति चरण-5 के अन्तर्गत कार्यक्रम
- इतिहास विभाग की ओर से हुआ आयोजन

लखनऊ, लोकसत्य। लखनऊ विश्वविद्यालय के पाश्चात्य इतिहास विभाग एवं महिला अध्ययन संस्थान की ओर से उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा चलाए जा रहे नारी शक्ति, सुरक्षा और सम्मान के मिशन शक्ति चरण-5 के अन्तर्गत कार्यक्रम का आयोजन लखनऊ विश्वविद्यालय के डीपीए सभागार में किया गया। कार्यक्रम के शीर्षक 'फ्राम ओपरेशन टू स्वाभिमान : इण्डियन वूमेन रीक्लेमिंग देयर स्टोरीज' पर आधारित विभिन्न ऐतिहासिक संघर्षशील महिला व्यक्तित्वों के कृत्तित्व को वृत्तचित्र के माध्यम से दर्शाया गया। चित्रों के माध्यम से दिए गए प्रस्तुतिकरण को स्वर विभाग के छात्र-छात्राओं दामिनी, अम्बुज, मयंक, विकास, विदुषी, समृद्धि, इरम, मनीष, उपासना, आयशा एवं वैभव के द्वारा प्रदान की गयी। मिशनशक्ति की नोडल अधिकारी डा मानिनी श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। विभागाध्यक्ष प्रो. अमिता सोनकर एवं वरिष्ठ प्रो. मधु राजपूत ने कार्यक्रम पर अपने सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अन्शु चौधरी ने किया। अंत में प्रोफेसर अर्चना तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। शिक्षिका डॉ श